भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1005
दिनांक 08 फरवरी, 2024

एथनॉल मूल्य निर्धारण फॉर्मूला

†1005. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को एथनॉल के वर्तमान मूल्य निर्धारण फॉर्मूला से संबंधित मुद्दों की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो इसे कम करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाए किए गए हैं/किए जा रहे हैं कि एथनॉल मूल्य निर्धारण फॉर्मूला के बारे में बैंकों, निवेशकों और अन्य हितधारकों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाए;

(घ) क्या सरकार का चीनी मिलों द्वारा एथनॉल उत्पादन हेतु अवसंरचना में वृद्धि करने के लिए ऋण प्रदान करने में बैंकों की कथित अनिच्छा को दूर करने का विचार है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सरकार गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) तथा चीनी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के आधार पर गन्ना आधारित एथेनॉल का एक्स-मिल मूल्य नियत करती है। तेल विपणन कम्पनियाँ (ओएमसीज) फीडस्टॉक और परिवर्तन लागत के आधार पर खाद्यान्न आधारित स्रोतों से बनाए गए एथेनॉल का एक्स-मिल मूल्य नियत करतीं हैं। ओएमसीज ने पहले ही, एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2023-24 के लिए घोषित मूल्य के अतिरिक्त दिनाँक 29.12.2023 से प्रभावी, सी-शीरा एथेनॉल पर 6.87 रुपए प्रति लीटर तथा दिनाँक 05.01.2024 से प्रभावी, मक्के से उत्पादित एथेनॉल पर 5.79 प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है। हितधारकों को विभिन्न संचार माध्यमों से इस सम्बन्ध में सूचित किया जा चुका है।

(घ) से (ङ) पिछले चार वर्षों में एथेनॉल उत्पादन क्षमता दिसंबर, 2023 के अंत में 1401 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष तक बढ़कर दोगुने से अधिक हो गई है। एथेनॉल आसवनी क्षमता के संवर्धन और वृद्धि के लिए सरकारी ब्याज इमदाद योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा 330 परियोजनाओं के लिए स्वीकृत 32,033 करोड़ रुपए की ऋण राशि में से दिनाँक 19.01.2024 की स्थिति के अनुसार 286 परियोजनाओं के लिए 20,171 करोड़ रुपए संवितरित किए गए हैं।

****